भारत सरकार
रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय
उर्वरक विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 3401

जिसका उत्तर शुक्रवार, 7 अगस्त, 2026/16 श्रावण, 1948 (शक) को दिया जाना है।

उर्वरकों का घरेलू उत्पादन

3401. श्री बृजेन्द्र सिंह ओला:

क्या **रसायन और उर्वरक** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या गत तीन वर्षों के दौरान देश में उर्वरकों के घरेलू उत्पादन में अनुमानित मांग की तुलना में कमी आई है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;
(ग) उक्त कमी की पूर्ति के लिए उर्वरक-वार आयात पर कितनी निर्भरता रही है;
(घ) क्या राजस्थान में बुवाई के पीक सीजन में उर्वरकों की समय पर उपलब्धता प्रभावित हुई थी, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ड.) क्या बंद पड़े उर्वरक संयंत्रों के पुनरुद्धार तथा घरेलू उत्पादन क्षमता के विस्तार के लिए केंद्रीय बजट में किए गए प्रावधानों का उद्देश्य आपूर्ति संबंधी जोखिमों को कम करना है; और
(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्रीमती अनुप्रिया पटेल)

(क) से (ग): पिछले तीन वर्षों के दौरान घरेलू उर्वरक उत्पादन, आवश्यकता और आयात का ब्यौरा नीचे दिया गया है:

प्रमुख उर्वरकों का उत्पादन, आवश्यकता और आयात (आँकड़े 'एलएमटी' में)									
	2023-24			**2024-25**			**2025-26**		
	उत्पादन	**आवश्यकता**	**आयात**	**उत्पादन**	**आवश्यकता**	**आयात**	**उत्पादन**	**आवश्यकता**	**आयात**
यूरिया	314.09	356.08	70.42	306.67	364.01	56.47	293.26	381.45	103.50
डीएपी	42.93	110.18	55.67	37.69	111.92	45.69	39.01	110.42	61.94
एनपीके	101.85	126.31	22.17	121.05	151.29	22.72	128.37	158.49	37.08
एमओपी	-	27.62	28.69	-	22.21	35.41	-	26.82	29.00

(एनपीके के उत्पादन में अमोनियम सल्फेट और मिश्रित उर्वरक शामिल हैं।)

(घ) : रबी 2025-26 और वर्तमान खरीफ 2026-27 मौसम के दौरान राजस्थान में प्रमुख उर्वरकों की स्थिति अर्थात आवश्यकता, उपलब्धता और बिक्री नीचे दी गई है:

राजस्थान में रबी 2025-26 के दौरान उर्वरक की स्थिति					
क्र.सं	उत्पाद	उपलब्धता की स्थिति (आँकड़े 'एलएमटी' में)			
		आवश्यकता	उपलब्धता	बिक्री	31.03.26 के अनुसार शेष स्टॉक
1	यूरिया	15.00	20.74	16.85	3.89
2	डीएपी	3.33	4.57	3.76	0.81
3	एमओपी	0.10	0.16	0.10	0.06
4	एनपीके	1.50	1.85	1.17	0.68
राजस्थान में खरीफ 2026-27 (01.04.26 से 03.08.26 तक) के दौरान उर्वरक की स्थिति					
क्र.सं	उत्पाद	उपलब्धता की स्थिति (आँकड़े 'एलएमटी' में)			
		आवश्यकता	उपलब्धता	बिक्री	03.08.26 के अनुसार शेष स्टॉक
1	यूरिया	7.10	11.89	8.61	3.28
2	डीएपी	3.35	2.75	2.17	0.58
3	एमओपी	0.05	0.15	0.05	0.10
4	एनपीके	0.83	1.43	0.70	0.73

1. सहज उपलब्धता का प्राथमिक संकेतक: उपलब्धता > आवश्यकता
2. सहज उपलब्धता का द्वितीयक संकेतक: उपलब्धता > बिक्री

(ङ) से (च) : 2026-27 के केंद्रीय बजट में मुख्य रूप से यूरिया सब्सिडी, पीएंडके उर्वरकों के लिए पोषक तत्व आधारित सब्सिडी और ऑर्गेनिक उर्वरकों को बढ़ावा देने की स्कीमों को शामिल किया गया है।

******